# गेहूं उपार्जन की तैयारी, खेतों में फसल पक कर तैयार, जल्द शुरु होगी कटाई एक सप्ताह बाद आएगा नया खाद्यान्य

### आसमान पर मंडराते बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, सरकार में बैठे लोगों के वादे को याद कर रहे किसान

नर्मदापुरम। डोलरिया( निप्र)। होली हो गई रंग पंचमी हो गई। अब खेतों में फसल पक कर तैयार हो गई है। किसान कटाई की तैयारी में है। कहीं कहीं शुरू भी हो गई है। प्रशासन स्तर पर मिली भगत से खरीदी केंद्र बना दिए गए हैं। जिनको लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। जिसमें खरीदी केंद्र बनाए जाने को लेकर सुगबुगाहटें इतनी तेज हैं जितनी पहले कभी नहीं रही। खुलेआम चर्चाओं का दौर जारी है। केंद्र बन गए तिथि तय हो गई लेकिन अभी किसी भी केंद्र पर खरीदी शुरू नहीं हो सकी है क्योंकि गेहूं निकला ही नहीं है। इतना जरूर है कि जिन वेयर हाउस को खरीदी केंद्र खुलने का भाग्य मिल गया या उन्होंने जी तोड़ मेहनत कर खरीदी केंद्र बनवाने में जो सफलता प्राप्त की है उससे उनके मन में फिल्हाल खुशी है। क्योंकि केंद्र बना दिए हैं तो आवक होगी।



#### बंफर पैदावार की उम्मीद

इस बार जिले में गेहूं की फसल काफी अच्छी है जिससे बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। बस फसल को किसी की नजर न लगे। किसानों को उम्मीद है कि इस बार प्रति एकड़ में 18 से 20 क्विंटल पैदावार होगी। डोलरिया तहसील के ग्राम पंचायत नानपा के किसान मनोरी लाल गौ ने बताया कि उन्होंने दो एकड़ 10 डिसमिल जमीन में चना बोया था 12 से 15 एकड़ में गेहूं की फसल बोई हैं। चने की फसल की पैदावार अच्छी हुई है करीब 36 क्विंटल के करीब चना निकला है वही गेहूं की पैदावार भी इस बार अच्छी हो रही है। एक एकड़ में 18 से 20 क्विंटल के एवरेज की स्थिति बन रही है। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के युवा जिला मंत्री सतपाल सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने किसानों के साथ चुनाव के दौरान अनेक वादे किए थे वह किसान याद कर रहे हैं। लेकिन जीत कर किसानों के साथ छलावा किया है। किसान कह रहे हैं कि चुनाव से पूर्व सत्ताधारियों ने किसानों के साथ वादा किया था कि गेहूं का समर्थन मूल्य 27 सौ रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा और धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए किया जाएगा। वह वादे हवा हवाई हो गए। जीतने के बाद सरकार में बैठे लोगों ने किसानों के साथ धोखा किया है।

#### सही नहीं मिल रहे धान के दाम

वर्तमान में मंडियों में धान की बंपर आवक हो रही है। लेकिन दाम कम मिल रहे हैं। अच्छी किस्म की बासमती धान 23 सौ 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दाम बिक रही है। जिससे किसानों को घाटा हो रहा है एक तरफ सरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुना हो गई है जबकि वास्तव में किसानों की आय घटी है।


# परमानंद निवास पर काव्यानंद का हुआ आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। हाउसिंग बोर्ड के सेवानिवृत्त साथियों की ओर से होली पर परमानंद निवास पर काव्यानंद कार्यक्रम संपन्न नवगीतकार प्रदीप दुबे की अध्यक्षता महेश मूलचंदानी एवं जगदीश वाजपेई के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। सुभाष यादव के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में प्रदीप दुबे प्रदीप बाबूलाल कदम नित्य गोपाल कटारे पंडित गिरि मोहन गुरु महेश मूलचंदानी जगदीश बाजपेई सुभाष यादव एवं श्री शर्मा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में अरुण तिवारी पुरुषोत्तम श्रोती प्रभात पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर पं गिरि मोहन गुरु को उनके 83 वे जन्म दिवस पर बधाइयां दी गई। आभार माना जगदीश यादव एवं परमानंद मालवीय ने।

# माडल रेलवे स्टेशन पर कुली का अभाव

### कम गाड़ियों के स्टॉपेज थे तब कुली थे अब नहीं

नर्मदापुरम (निप्र)। संभाग मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर दो दर्जन से अधिक यात्री गाड़ियों का स्टॉपेज तो है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री विभिन्न दिशाओं की ओर यात्रा करते हैं। इनमें से कई बुजुर्ग और महिलाएं भी होते हैं। जिन्हें अपने सामान को यात्री गाड़ी तक तथा ट्रेन से बाहर निकलने के लिए कुली की आवश्यकता होती है। लेकिन रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में कुली नहीं है। जब कुछ वर्ष पूर्व कम गाड़ियों का स्टॉपेज था तब यहां पर 6 कुली थे। लेकिन अब जब यात्री गाड़ियों की संख्या बढ़ चुकी है। यहां पर कुलियों की संख्या बढ़नी थी लेकिन संख्या बढ़ने से पूर्व ही यहां पर कुलियों का अभाव बना हुआ है। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। वरिष्ठ नागरिक बी ईश्वर कुमार ने कहा कि यह कैंसा माडल स्टेशन जबावदारों को कुलियों की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे कि यात्रियों को दिक्कतें नहीं हो। उन्होने कहा कि यह विडंबना ही है कि जब कम यात्री आते जाते थे तब कुली थे। लेकिन अब जब कुलियों की जरूरत है तब यह स्टेशन बिना कुली के ही चल रहा है। जो कुली थे उनके गेंगमेन बनाए जाने के



बाद से कुलियों की कमी बनी हुई है। साथ ही यहां के फुट ओवर ब्रिज भी लंबे तथा ज्यादा दूरी वाले बन गए हैं। इसलिए भी कुली की जरूरत तो है। गर्मी के मौसम में बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी होती है। इसलिए दोनों सांसद लोक सभा और राज्यसभा सांसद मिलकर रेलवे मंत्री से कुली की आवश्यकता की पूर्ति करने की मांग की जा रही है।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करियर गाइडेंस सेशन का आयोजन

### इंदौर से आए विशेषज्ञ करियर काउंसलर अपूर्व वैष्णव ने दिया महत्वपूर्ण मार्गदर्शन

नर्मदापुरम(निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज एक करियर गाइडेंस सेशन का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों उद्योगों की नवीनतम आवश्यकताओं और ट्रेड्स की जानकारी देकर उनके भविष्य की राह चुनने में सहायता प्रदान करना था।डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ आशीष चटर्जी ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए सत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर इंदौर से विशेष रूप से आमंत्रित विशेषज्ञ करियर काउंसलर और जोई लर्निंग के संस्थापक अपूर्व वैष्णव ने कक्षा नौ से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को करियर संबंधी



जानकारी प्रदान की।सेशन के दौरान प्रिंसिपल श्रीमती मोना चटर्जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग अनंत संभावनाओं से भरा हुआ है, और छात्रों के लिए इन संभावनाओं को समझना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपने करियर की दिशा निर्धारित करने के लिए एक पर्सनलाइज्ड रोडमैप तैयार करने में निश्चित ही सहायता मिलेगी । सत्र के अंत में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा और उन्हें अपने करियर के विभिन्न पहलुओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। सेशन में स्टॉफ के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# आदिवासी हिरण बैगा की फर्जी एनकाउंटर से हत्या किए जाने पर विरोध

नर्मदापुरम( निप्र)। मंडला जिले आदिवासी हिरण सिंह बैगा की फर्जी एनकाउंटर कर पुलिस द्वारा निर्मम हत्या की गयी जिसके विरोध में आदिवासी कांग्रेस नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष अतुल वाडिवा के नेतृत्व में आदिवासी कांग्रेस जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस नगर कांग्रेस देनप समस्त कांग्रेस संगठन ने मिलकर तहसीलदार डीएस धुर्वे नर्मदापुरम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कार्रवाई कि मांग की। पीडित परिवार को 2 करोड रुपए और सरकारी नौकरी देने की मांग की प्रमुख रूप में कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडे इटारसी नगर कांग्रेस कांग्रेस मयूर जायसवाल प्रदेश महासचिव राजकुमार केलु उपाध्याय महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या शाह आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल वाडिवा नर्मदापुरम कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी अनोखेलाल राजोरिया मधुसूदन यादव गोल्डी शशांक बेस, विजेंद्र राजपूत आफरीद खान रोहन जेन सौम्या दुबे कमलेश उइके, अध्यक्ष समीर परते गुलाम मुस्तफा रब्बानी, फैजान उल हक, आफरीद खान रोहन जैन सुरेखा शाह गुड्डू कीर राहुल उइके आदि कांग्रेस नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विप्र समाज ने फूंका कांग्रेस नेत्री का पुतला, कहा धर्म का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे

### भगवान परशुराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर विरोध जताया

इटारसी। नर्मदापुरम (निप्र)। महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री रेखा विनोद जैन ने हाल ही में भगवान परशुराम और हिंदुत्व को लेकर गलत टिप्पणी की थी। जैन ने अपनी पोस्ट में भगवान परशुराम की तुलना मुगल शासक औरगंजेब से कर दी थीए इस बयान के बाद से ही पूरे प्रदेश में जैन का विरोध जारी है। इस बयानबाजी को लेकर जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने गुरूवार शाम जयस्तंभ चौक पर रेखा जैन का पुतला दहन कर उनके बयान का विरोध करते हुए रैली निकाली। विप्र समाज के नेताओं ने रेखा जैन के इस बयान की घोर निंदा करते हुए कहा कि जैन समुदाय की महिला होने के बावजूद उन्होंने विप्र समाज के आराध्य भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है उन्हें सनातन धर्म का ज्ञान नहीं है। इस अवसर पर जिला सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेन्द्र ओझा, तहसील अध्यक्ष अशोक दुबे, सौरभ शुक्ला, संतोष चतुर्वेदी, चुटई महाराज, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष प्रकाश दुबे, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, महेन्द्र जोशी जिला सचिव सर्वेश शर्मा आलोक दीक्षित सेना नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष अभिनव शर्मा अनिरूद्ध चंसौरिया शैलेन्द्र भट्ट विजय दुबे आलोक दीवान प्रशांत चौबे रूपेश शर्मा ललित दुबे आस्तिक ओझा आदित्य दीक्षित वैदिक तिवारी चिराग परसाई श्रेयांक तिवारी रितुराज पाराशर प्रदीप दीवान राहुल तिवारी शुभम दीवान अंकित तिवारी आदेश दुबे शानू लाटा मयंक परसाई सिद्धार्थ शुक्ला समेत अन्य युवा मौजूद रहे।

# विस्थापित ग्रामों के किसानों के गेहूं उपार्जन पंजीयन हेतु विशेष शिविर आयोजित किये जाए

### अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए
### सभी अनुविभाग में निर्बाध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि विस्थापित ग्रामों के किसानों के गेहूं उपार्जन पंजीयन की प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार शीघ्रता से पूर्ण कराई जाए। इसके लिए आगामी चार दिवसों में विशेष शिविर आयोजित कर प्रतिदिन पंजीयन की कार्रवाई पूर्ण कर डीएसओ को प्रेषित किये जाये, ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ मिल सके। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (RCMS) के माध्यम से नामांतरण, नक्शा तरमीम, आरओआर लिंकिंग आदि मामलों की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पटवारियों द्वारा की गई प्रविष्टियाँ यदि RCMS पोर्टल पर दिखाई नहीं देती हैं, तो वे संभागीय सलाहकार से समन्वय कर तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने तहसीलवार समस्त न्यायालयों



में पंजीकृत एवं लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी न्यायालय का निराकरण प्रतिशत 95% से कम न हो।इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने तहसीलवार दांडिक एवं राजस्व के न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आगामी 31 मार्च तक 6 माह एवं 1 वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।कलेक्टर ने बैठक के दौरान बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि राज्य स्तर के आधार पर सर्वाधिक निराकरण प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित कर, उसके अनुरूप बंटवारे के प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन के कुल लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने नजूल अधिकारी, नर्मदापुरम को भी उनके न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए सक्रियता से कार्य करें। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दांडिक प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली (RCMS) पोर्टल का उपयोग एक प्रभावी उपकरण के रूप में करें, जिससे प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण में सहायता मिले। कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर दांडिक कार्यवाहियां करने के निर्देश दिए, ताकि कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# शासकीय ज्ञानोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 23 को

नर्मदापुरम (निप्र)। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुमरम ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग म.प्र.भोपाल द्वारा शासकीय ज्ञानोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 23 मार्च 2025 (रविवार) को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01ः00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जिला नर्मदापुरम अंतर्गत उक्त प्रवेश परीक्षा शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, बी.टी.आई नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र विभागीय बेवसाईट- https:www .tribal. mp.gov. in/mptaascs के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

#### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित कृषक 25 मार्च से 20 अप्रैल 2025 तक करा सकेंगे पंजीयन

नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र. शासन, किसान कलयाण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल अनुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) मे ई उपार्जन पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन हेतु पंजीयन कार्य के लिये पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा ई उपार्जन पोर्टल पर कृषकों के पंजीयन हेतु पूर्व में जिले मे गेहूँ उपार्जन कार्य हेतु 132 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।

# किसानो को जागरुक करने गावं.गावं किसान खेत पाठशाला का आयोजन

*नरवाई पर आग लगाने वाले पर होगी कानूनी कार्रवाई : उप संचालक कृषि*

*अपनी फसल भूमि और पर्यावरण की रक्षा की जाए जहरीले रसायनो का विवेकपूर्ण किया जाए प्रयोग*

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करनेए नरवाई में आग लगने के दुष्परिणामों एवं ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में अत्याधिक मात्रा में गैर अनुशंसित कीटनाशकों के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए 20,मार्च से गांव.गांव में किसान खेत पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।विगत वर्षों में देखने में आया है कि कुछ किसान गेंहूँ की कटाई हार्वेस्टर से कराने के बाद खेतों में नरवाई खत्म करने के लिए आग लगा देते है जिससे मिट्टी और पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही हैए साथ ही गर्मी के मौसम में आग की चिंगारी दूसरे किसानो के खेतो में पहुंचने से पड़ोसी किसानों के खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो जाती है जिससे किसानों को लाखों रूपये का नुकसान का सामना करना पड़ता है। खेत खलियान से होते हुए आग की लपटे लोगो के घरो तक भी पहुंच जाती हैए जो कि बड़े हादसों का सबब बन जाती है। यह आग बड़ी तेजी से फैलती है और किसान असहायता अपने उठाये हुए कदम पर पश्चात करता रह जाता है।उप संचालक कृषि जे आर हेड़ाऊ ने बताया है कि नरवाई में आग लगाने से मिटटी में उपस्थित लाभप्रद सूक्ष्म जीवाणूए केंचूए व अन्य लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैए जैव विविधता समाप्त हो जाती है। नरवाई के साथ कार्बनिक पदार्थ जल जाने के कारण मिट्टी की उपजाऊ शक्ति नष्ट हो रही है। जैविक खाद का निर्माण रूक जाता है। इस कारण से प्रमाण उपज प्राप्त करने के लिए किसान भाइयों द्वारा वर्ष दर वर्ष और अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जा रहा है। खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम होने से मृदा कठोर



हो रही है और भूमि की जलधारण क्षमता कम हो रही है। किसान भाईयो को सलाह दी जाती है कि कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अपनायेए गेंहूँ फसल की कटाई के बाद खेत में बचे हुए फसल अवशेषो को जलाने के बजाय नरवाई का उचित प्रबंधन करेए आधुनिक तकनीक से निर्मित सुपर सीडर यंत्र एवं पूसा डी.कंपोजर के प्रयोग से सकारात्मक व सफल परिणाम प्राप्त हो रहे है। नर्मदापुरम जिले में एक और परेशान करने वाली प्रवृत्ति सामने आई हैए जहां किसान गर्मियों की मूंग फसल को कटाई के पूर्व सुखाने के लिए ग्लाईफोसेट और पैराक्वाट सहित गैर अनुशंसित शाकनाशी रासायनो को बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैए इन शाकनाशी के अंधाधुंध प्रयोग को मूंग के दानों में विषाक्त अवशेषों के संचय से जोड़ा गया हैए जिससे कैंसरए गुर्दे की क्षति और यकृत की शिथिलता सहित कहीं स्वास्थ्य समस्या हो सकती हैए इसके अलावा इन जहरीले रसायनों के अवशेष मिट्टी में कई सालों तक बने रह सकते हैए जो भू.जल और सतही जल को दूषित कर रहे है और गैर.लक्षित जीवों को प्रभावित कर रहे है। मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा हो रहा है। जैसे.जैसे स्थिति सामने आ रही हैए प्रशासन गैर.अनुशंसित शाकनाशियों के उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और टिकाऊ पद्धति को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है।इन व्यावहारिक समस्याओं के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए गांव.गांव में किसान खेत पाठशाला ष्प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रमष् आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के नोडल संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व है तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीए कृषि विस्तार अधिकारीए पटवारीए ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारीए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारीए सहकारिता निरीक्षकए संबंधित ग्राम पंचायत सचिवए संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक आवश्यक रूप से समय पर उपस्थित रहते हुए कार्यक्रम को आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे तथा नरवाई प्रबंधन नरवाई में आग लगने के दुष्परिणाम एवं पर्यावरण को होने वाली क्षति से कृषकों को जागरूक कराने साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के उत्पादन में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन तकनीक अपनानेए मूंग की फसल की परिपक्वता के दौरान शाकनाशी का उपयोग न करनेए नवीन टिकाऊ कृषि पद्धति पर बहुमूल्य जानकारीए शासन द्वारा चलाई जा रही किसान हितेषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सभी किसान बंधुओ से अनुरोध है कि पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ कृषि पद्धतियों में कांति लाकर खेत की शुद्ध आय में बढ़ोत्तरी करनेए किसानो को सशक्त बनानेए पर्यावरण को सुरक्षित करने एवं मानव समाज के लिए उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला की सार्थक पहल से नर्मदा तट आंवली घाट के सौंदर्यीकरण की जागी आस



नर्मदापुरम। सिवनी मालवा (निप्र)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला की सार्थक पहल से नर्मदा तट के तीर्थ स्थल आंवरी घाट के सौंदर्यीकरण और समस्याओं में सुधार की संभावनाएं बढ़ गई है। इस पहल से क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी जाहिर की है। बताया गया कि श्रीमती शुक्ला के द्वारा प्रशासन को अवगत कराया गया था।

जिसके चलते कलेक्टर ने आंवली घाट पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा श्रीमती शुक्ला के द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए सर्वे करने तथा अन्य आवश्यक कार्य के लिए कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देश दिए हैं।

इस दौरान उन्होंने मां नर्मदा के अवरुद्ध जल प्रवाह और घाट पर हो रहे प्रदूषण की स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नर्मदा नदी के प्रवाह को सुचारू करने और घाट के सौंदर्यीकरण के लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

#### जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला के प्रयास का असर

श्रीमती शुक्ला ने हाल ही में जिला मुख्यालय पर कलेक्टर से भेंट कर आंवली घाट की स्थिति को लेकर चर्चा की थी। उन्होंने घाट पर जल प्रवाह में आ रहे अवरोध और बढ़ते प्रदूषण की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उनके इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

#### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

निरीक्षण के दौरान सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन मंडल अध्यक्ष सुनील गौर दीपक पालीवाल सरपंच रामजीवन साध भाजपा के कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही मां नर्मदा के प्रवाह में सुधार होगा और आंवली घाट का सौंदर्यीकरण कर इसे स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com